मई, 2020

मोड्यूल संख्या - 2 [भाग - 2]

MODULE NO. 2 [PART -2]

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ - तलाश [भारत की खोज]

प्रश्न - अभ्यास

प्रश्न 1. लेखक ने 'भारत माता' के स्वरूप को किसप्रकार स्पष्ट किया है ?

उत्तर - लेखक नेहरू जी किसी भी सभा में जाते तो वहाँ उनके स्वागत में लोग 'भारत माता की जय' के नारे लगाते | वे जब उनसे भारत माता के विषय में पूछते तो वे सब एक-दूसरे के मुँह को ताकने लगते | उत्तर न मिलने पर उन्होंने भारत माता के विषय में बताते हुए कहा कि भारत माता भारत की मिट्टी ,नदियाँ, पहाड़, जंगल, खेत और भारत की जनता ही है | अर्थात आप ही भारत माता हैं | भारत माता में यहाँ रहने वाले लोग आ जाते हैं | हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक,पूर्व से लेकर पश्चिम तक तथा उत्तर से लेकर दक्षिण तक की सीमाओं में आबद्ध यह पूरा देश ही भारत माता है |

प्रश्न 2. उस समय भारत के किसानों को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था ?

उत्तर - उस समय पूरे भारत के सभी किसानों की समस्याएँ एक समान थीं - जैसे - गरीबी, कर्ज ,निहित स्वार्थ, जमींदार, महाजन, भरी लगान और कर, पुलिस के अत्याचार आदि |ये समस्याएँ ब्रिटिश हुकूमत द्वारा उन पर आरोपित थीं |

प्रश्न 3. भारत की विविधताएँ कौन-कौन-सी हैं ? पाठ के आधार पर लिखिए |

उत्तर - भारत में अनेक विविधताएँ साक्षात् रूप में विद्यमान हैं | यहाँ अनेक धर्मो, जातियों, सम्प्रदायों में लोग रहते हैं | उनके रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा, भाषा-बोली ,धरम आदि में विविधता देखि जा शक्ति है | भारत की भौगोलिक स्थिति में भी बड़ी विविधता है | कहीं ऊँचे- ऊँचे पहाड़ , कहीं समतल मैदान , कहीं बर्फ से ढका प्रदेश है तो कहीं एक-एक बूँद के लिए लोग तरसते हैं | इतनी विविधता होने के बावजूद भी भारत एक है |

प्रश्न 4. अनपढ़ ग्रामीणों को देखकर नेहरू जी को क्या हैरानी हुई ?

उत्तर - अनपढ़ ग्रामीणों को प्राचीन ग्रंथों के सैकड़ों पद कंठस्थ थे | नैतिक उपदेश देने में वे माहिर थे | हर घटना , कथा और उनका नैतिक अर्थ लोक मानस पर अंकित था | रोजमर्रा की जिंदगी के मसलों के बारे में सीधी- सादी बातचीत को ये अनपढ़ ग्रामीण जब इस तरह का साहित्यिक मोड़ देते थे तो नेहरू जी को ये सब देखकर बहुत आश्चर्य होता था |

प्रश्न 5. उस समय भारतीयों की दशा कैसी थी ? 'जन संस्कृति' उपशीर्षक के आधार पर लिखिए |

उत्तर - उस समय भारत के लोग चारों ओर गरीबी और भूखमरी से घिरे हुए थे | गरीबी के कारण अनगिनत विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा था | इसकी छाप हर भारतीय के माथे पर थी | समाज में तरह-तरह के भ्रष्टाचार पैदा हो गए थे | भारतीय अभावों और असुरक्षा की स्थिति में जीवन गुजार रहे थे |

मई , 2020

मोड्यूल संख्या - 2 [भाग -2]

MODULE NO. 2 [PART- 2]

कक्षा - आठवीं

विषय - हिंदी [द्वितीय भाषा]

पाठ - तलाश [भारत की खोज]

अभ्यास - कार्य [Worksheet]

प्रश्न 1. हमारे देश का नाम भारत कैसे पड़ा ?

उत्तर - --

प्रश्न 2. नेहरू जी की सभा में किसके नारे लगते थे ?

उत्तर - --

प्रश्न 3. हम सब किसके हिस्से हैं ?

उत्तर - --

प्रश्न 4. भारत की विशेषता क्या है ?

उत्तर - --

प्रश्न 5. 'भारत माता की जय' का अर्थ क्या है ?

उत्तर - --

प्रश्न 6. अनपढ़ ग्रामीणों को किन-किन महाकाव्यों का ज्ञान था ?

उत्तर - --

प्रश्न 7. भारत को एकता में बाँधने वाला सूत्र कौन-सा है ?

उत्तर - --

प्रश्न 8. ग्रामीणों के किनके पद कंठस्थ याद थे ?

उत्तर - --

प्रश्न 9. भारत की धरोहर क्या है ?

उत्तर - --

प्रश्न 10. भारतीयों की जीवन शैली कैसी थी ?

उत्तर - --